# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in

## सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024 के आयोजन की सूचना।

विज्ञापन क्रमांक 02/2024/परीक्षा/दिनांक 21/10/2024

## सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024

क्रमांक/ GENS-2101/6670/2026/EXAM/DIS/673135/2026 नवा रायपुर, दिनांक 18/08/2026

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि - 20.08.2026 से 19.09.2026 तक
ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की तिथि - 20.09.2026 से 21.09.2026 तक

01. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 02/2024/परीक्षा/दिनांक 21/10/2024 द्वारा सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (गृह पुलिस विभाग) परीक्षा-2024 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 12/07/2026 को सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 33 जिला मुख्यालयों में किया गया था।

02 सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 20.08.2026 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 19.09.2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। दिनांक 20.09.2026 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 21.09.2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक आवेदक अपने मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे। इस हेतु परीक्षा शुल्क + पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क देय होगा। आवेदक केवल एक बार ही त्रुटि सुधार कर सकेंगे। दिनांक 21.09.2026 के बाद किसी भी त्रुटि का सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जा सकेगा। सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा। (ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु विस्तृत जानकारी "परिशिष्ट-एक" पर संलग्न है।)

03 आवेदन करने हेतु आवेदक क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिग अथवा UPI के माध्यम से शुल्क भुगतान कर आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के पूर्व आवेदक स्वयं के हस्ताक्षर की एक स्केन प्रति निर्देशानुसार तैयार रखें।

04 सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर मुख्य परीक्षा का आवेदन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024 हेतु निम्नानुसार परीक्षा शुल्क, पोर्टल शुल्क एवं जी.एस.टी. शुल्क का भुगतान करना होगाः-

| | |
|---|---|
| छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी जो कि छ.ग. के लिये अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) की श्रेणी में आते है के लिये - | रूपये 300/- |

| | |
|---|---|
| शेष सभी श्रेणी के लिये - | रूपये 400/- |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त आवेदकों को पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क भी देना होगा | |

05 छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें परीक्षा शुल्क वापस किया जाएगा। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के दौरान शुल्क वापसी हेतु प्रविष्ट किए गए खाते में शुल्क वापसी की राशि आयोग द्वारा उपलब्ध करा दी जाएगी। त्रुटि सुधार/पोर्टल शुल्क तथा शुल्क भुगतान हेतु लिए गए सेवा कर एवं अन्य शुल्क वापस नहीं होंगे।

उपरोक्त आवेदन एवं परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रुप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।

06. मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम की जानकारी सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर परीक्षा-2024 के विस्तृत विज्ञापन से ली जा सकती है जो आयोग की वेबसाइट एवं साप्ताहिक समाचार पत्र 'रोजगार और नियोजन' दिनांक 30.10.2024 के अंक में उपलब्ध है। आवेदक उक्त विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके ही ऑनलाइन आवेदन करें।

07. आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर भी सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024 की समय-सारिणी उपलब्ध रहेगी।

Digitally signed by
LEENA KOSAM
Date: 18-08-2026
18:04:51

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर, अटल नगर

परिशिष्ट-एक

**"ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में निर्देश एवं जानकारी"**

**ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश निम्नानुसार हैं :-** (कृपया आवेदन भरने से पहले विज्ञापन में दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें)

**ऑनलाइन आवेदन हेतु सक्रिय लिंक वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर निर्धारित तिथियों में उपलब्ध रहेंगे।**

(1) अभ्यर्थी अपने रजिस्टर्ड मोबाईल व ई-मेल आई.डी. पर प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थी को आवश्यक होने पर वर्तमान पते संबंधी समस्त आवश्यक जानकारियां दर्ज कर अपना लाइव फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना होगा। सबमिट बटन के माध्यम से पूरी तरह भरे गए ऑनलाइन आवेदन को जमा करने पर अभ्यर्थी को शुल्क अथवा पोर्टल शुल्क भुगतान की प्रक्रिया हेतु पेज प्राप्त होगा, जिस पर उपलब्ध भुगतान विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन कर भुगतान किया जा सकेगा। सफलतापूर्वक भुगतान कर लेने पर अभ्यर्थी को अपने आवेदन की रसीद प्राप्त होगी। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लेवें कि निर्धारित भुगतान सफलतापूर्वक हो गया है। ऐसा नहीं होने पर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक, प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए ऑनलाईन आवेदन की पावति एवं भुगतान की रसीद का प्रिंट अपने पास रखना तथा आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(2) ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से लेकर अंतिम चयन की प्रक्रिया तक सभी आवश्यक सूचनाएं आयोग की वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** पर उपलब्ध कराई जाएंगी। अभ्यर्थी नियमित रुप से उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहे । किसी भी अभ्यर्थी को कोई भी सूचना व्यक्तिगत रुप से पत्र/SMS प्रेषित करने हेतु आयोग बाध्य नहीं होगा तथा इस आधार पर कोई भी अभ्यर्थी आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

(3) आवेदक स्वयं अपने घर से या इंटरनेट कैफे इत्यादि के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरकर परीक्षा शुल्क का भुगतान, निर्धारित भुगतान विकल्प चुनकर, क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग या UPI के माध्यम से कर सकते हैं।

(4) ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी के लाइव फोटो अपलोड किये जाने संबंधी निर्देश : - पूर्व से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ऑनलाइन प्रक्रिया हेतु रजिस्टर्ड अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई.डी. व पासवर्ड का प्रयोग कर आवेदन की प्रक्रिया कर सकते है। अभ्यर्थी को अपना फोटो कैप्चर करने हेतु, अभ्यर्थी के मोबाईल नंबर पर एक लिंक प्राप्त होगा जिसके माध्यम से मोबाईल कैमरा की मदद से Open Camera बटन को क्लिक कर अभ्यर्थी अपना लाइव फोटो अपलोड करेंगे । अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उसके द्वारा कैप्चर किये गये फोटो में उसका चेहरा स्पष्ट हो, दोनों कान स्पष्ट दिखाई दे रहे हो तथा आंखे खुली हुई हो । फोटो कैप्चर करते समय ऐसी दीवार अथवा सरफेस को

बैकग्राउंड के रूप में प्रयुक्त करें जो एक ही हल्के रंग (Light Colour) का हो। अभ्यर्थी यह प्रयास करे कि कैप्चर किया हुआ चेहरा कैप्चर स्क्रीन के लगभग 80 प्रतिशत भाग पर आए। यदि अभ्यर्थी कैप्चर किए हुए फोटो को बदलना चाहे तो Re Capture बटन का प्रयोग कर वे ऐसा कर सकते हैं। पर्याप्त बड़े तथा स्पष्ट चेहरे युक्त फोटो को कैप्चर करने के पश्चात् Verify & Upload बटन को क्लिक कर अभ्यर्थी लाइव फोटो अपलोड कर सकता है। फोटो अपलोड करने के पश्चात् अभ्यर्थी Upload Signature को क्लिक कर अपना हस्ताक्षर अपलोड करेंगे।

(5) **ऑनलाइन आवेदन के लिए अपलोड किए जाने हेतु, अभ्यर्थी के हस्ताक्षर संबंधी निर्देशः-** ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थी को अपना हस्ताक्षर अपलोड करना होगा, इस हेतु अभ्यर्थी एक सफेद कागज पर काले बॉल प्वाइंट पेन से हस्ताक्षर करें। अभ्यर्थी उक्त निर्देशानुसार हस्ताक्षरित कागज को स्केन कर .JPG फाइल (अधिकतम साइज 100 KB) तैयार कर/करवा लें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि स्केन करते समय केवल हस्ताक्षर को ही स्केन किया जाए, खाली बैकग्राउंड को नहीं।

(6) ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखना चाहिए कि जानकारी जो ऑनलाइन आवेदन में चाही गई है की सही-सही प्रविष्टि की जाए।

(7) आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया में यह समझ लिया गया है कि, आवेदक द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन आवेदन में अंकित की जा रही है वह प्रमाणित जानकारी है। अतः ऑनलाइन आवेदन Submit करने के पूर्व आवेदक अपने आवेदन की समस्त प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझ लें। आवेदक अपने द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्ट होने के पश्चात् ही ऑनलाइन आवेदन को Submit बटन क्लिक कर जमा करें तथा आवेदन शुल्क व/अथवा पोर्टल शुल्क जमा करें।

(8) ऑनलाइन आवेदन Submit करने के तथा शुल्क व/अथवा पोर्टल शुल्क जमा करने के बाद अभ्यर्थी को अपने ऑनलाईन आवेदन तथा भुगतान की रसीद प्राप्त होगी। जिन्हें प्रिंट कर अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें। चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों में मांगे जाने पर उक्त को आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। सामान्यतः प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन की प्रति तथा भुगतान की रसीद उपलब्ध नहीं रहती है। अतः आयोग द्वारा ऑनलाईन आवेदन की प्रति तथा/अथवा भुगतान की रसीद उपलब्ध कराने हेतु दिए गए अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि उसके द्वारा निर्धारित भुगतान सफलता पूर्वक कर दिया गया है।

(9) **ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार का कार्य निर्धारित तिथि में ऑनलाइन किया जा सकेगा। त्रुटि सुधार केवल एक बार ही किया जा सकेगा। अंतिम तिथि के पश्चात ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टि में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में आयोग किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं करेगा।**

(10) आवेदक यह ध्यान रखें कि ऑनलाईन आवेदन पत्र में हुई किसी भी त्रुटि का सुधार चयन के किसी भी स्तर पर नहीं किया जा सकेगा। अतः अभ्यर्थी अपना आवेदन अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें। यदि फिर भी कोई त्रुटि होती है तो त्रुटि सुधार अवधि में वांछित सुधार कर लें।

(11) **ऑनलाईन आवेदन त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल शुल्कः-**

(i) प्रत्येक ऑनलाइन आवेदक के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क (यदि लागू हो) के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क + जीएसटी शुल्क देय होगा।

(ii) ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टियों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक द्वारा त्रुटि सुधार निर्धारित तिथियों में केवल एक बार निःशुल्क किया जा सकता है।

(iii) परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल चार्ज किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं है।

**नोटः-**

(i) आवेदक ऑनलाईन आवेदन की प्रति तथा शुल्क भुगतान की रसीद में दी गई जानकारियों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपने पास संभालकर रखें तथा यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क व/अथवा पोर्टल शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक हो गया है।

(ii) जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता तथा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

(iii) किसी भी साइबर कैफे अथवा अन्य संस्थान या व्यक्ति के माध्यम से आवेदन करते समय आवेदक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनी निगरानी में ही करवाएं। ऑनलाइन आवेदन में हुई किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए आवेदक साइबर कैफे अथवा अन्य संस्थान या अन्य व्यक्ति अथवा आयोग को उत्तरदायी नहीं ठहरा सकेंगे।

(iv) कार्ड/नेटबैंकिंग/कैश डिपॉजिट के माध्यम से किसी भी शुल्क के भुगतान (यदि कोई हो) की प्रक्रिया में यदि संबंधित बैंक द्वारा किसी प्रकार का सेवा शुल्क लिया जाता है तो उसके भुगतान का दायित्व आवेदक का होगा। आवेदक ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान फिशिंग हैकिंग अथवा अन्य साइबर गतिविधि से बचने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(v) ऐसे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे जिन्हें ऑनलाइन भरने के बाद प्रिंट लेकर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को डाक या किसी अन्य माध्यम से भेजा जाएगा। परीक्षा शुल्क के लिए किसी भी प्रकार का ड्राफ्ट भी स्वीकार नहीं होगा। ऐसा करने पर आवेदनों को मान्य न करते हुए निरस्त कर दिया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी आवेदक की ही मानी जाएगी।

**प्रवेश पत्र व साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्रः-**

(1) प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र, परीक्षा/साक्षात्कार के लगभग 10 दिन पूर्व अपलोड किए जाएंगे एवं इसकी सूचना पृथक से नहीं दी जाएगी।

(2) प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र व्यक्तिगत रुप से नहीं भेजे जाएंगे अपितु केवल आयोग की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in के माध्यम से ही उपलब्ध होंगे। इस संबंध में किया गया कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थियों को SMS के माध्यम से सूचना प्रेषित करने हेतु आयोग उत्तरदायी नहीं होगा तथा SMS प्राप्त न होने जैसे कारण के आधार पर अभ्यर्थी किसी प्रकार का दावा प्रस्तुत नहीं कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे

अंतिम तिथि के पर्याप्त पहले अपने ऑनलाइन आवेदन जमा करें तथा आयोग की अधिकारिक वेबसाईट www.psc.cg.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की समस्त आवश्यक जानकारियां आयोग की अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही उपलब्ध कराई जायेगी। SMS अथवा अन्य किसी माध्यम से अभ्यर्थियों की सूचना प्रेषित करने हेतु आयोग बाध्य नहीं होगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

(3) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र न हो।

(4) अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश पत्र के साथ ID Proof हेतु मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/पैन कार्ड/आधार कार्ड स्मार्ट कार्ड (राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर की योजना के तहत आरजीआई द्वारा जारी)/ स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित (श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी)/जॉब कार्ड फोटो सहित (एनआरईजीए योजना के तहत)/सेवा पहचान पत्र फोटो सहित (राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी)/पासबुक एवं किसान पासबुक फोटो सहित (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/डाकघर द्वारा जारी) छात्र पहचान पत्र (स्कूलों/कालेजों द्वारा जारी) बीपीएल परिवार को जारी राशन कार्ड/संपत्ति के दस्तावेज फोटो सहित जैसे-पट्टा, पंजीकृत डिड्स/एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी. प्रमाण पत्र फोटो सहित (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी)/फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन किताब, भूतपूर्व सैनिकों की विधवा या आश्रित प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश, विधवा पेंशन आदेश/शारीरिक विकलांग प्रमाण पत्र फोटो सहित में से एक दस्तावेज की मूलप्रति लाना आवश्यक होगा, इसके आभाव में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(5) यदि प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र पर मुद्रित फोटो व हस्ताक्षर अथवा दोनों अस्पष्ट या अवैध हो तो प्रवेश पत्र पर निर्देशानुसार कार्यवाही न करने पर केन्द्राध्यक्ष/जांच अधिकारी अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में सम्मिलित होने से वंचित कर सकेंगे।

~~~~~~~~~~
~~~~~~~~~~